हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–235 : जौनपुर, शनिवार 25 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सतत रूप से हो जीनोम सीक्वेसिंग : अस्पताल बनाए जाएं सुविधा संपन्न –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : पूरे देश में बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को एक बार फिर टीम–9 की बैठक की और सीएम ने प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने के साथ ही ओमिक्रॉन को लेकर भी कई जरूरी दिशा–निर्देश दिए हैं। कोविड से बचाव के लिए ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण की नीति के सही क्रियान्वयन से प्रदेश में स्थिति नियंत्रित है। बीते 24 घंटों में हुई 01 लाख 97 हजार 506 सैम्पल की जांच में कुल 38 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 20 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। आज प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 282 है, जबकि 16 लाख 87 हजार 677 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं। देश के विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। विगत दिवस आई जीनोम सीक्वेसिंग रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में एक संक्रमित में ओमीक्रॉन वैरिएंट की पुष्टि हुई है। हालांकि यह संतोषप्रद है कि वह भी अब कोविड निगेटिव हो चुके हैं, साथ ही इनके सभी 13 प्राइमरी और 70 सेकेंडरी कॉन्टैक्ट की आरटीपीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट भी निगेटिव आई है। इन सभी के स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए। जीनोम सीक्वेसिंग का कार्य सतत जारी रखा जाए। वर्तमान में प्रदेश में ओमिक्रॉन का एक भी एक्टिव केस नहीं है। देश के किसी भी राज्य से अथवा विदेश से उत्तर प्रदेश की सीमा में आने वाले हर एक व्यक्ति की ट्रेसिंग/टेस्टिंग की जाए। बस, रेलवे और एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। निगरानी समितियों को पुनः एक्टिव करें। गांव–वार्डों में बाहर से आने वाले हर एक व्यक्ति की टेस्टिंग कराएं। उनके स्वास्थ्य पर सतत नजर रखी जाए। आवश्यकतानुसार लोगों को क्वारन्टीन कर मेडिकल किट उपलब्ध कराया जाए। भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत अभियान चलाकर प्रदेश के अस्पतालों को सुविधा संपन्न बनाया गया है। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की दृष्टि से काफी प्रयास हुए हैं। कोविड के बढ़ते केस के बीच सभी संसाधनों की सूक्ष्मता से पड़ताल कर ली जाए। वेंटिलेटर, नीकू, पीकू की संख्या आवश्यकतानुसार और बढ़ाया जाए। अब तक 551 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। प्रत्येक ऑक्सीजन प्लांट के संचालन के लिए कम से कम तीन कार्मिकों की तैनाती की जाए। इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर 24×7 एक्टिव मोड में रखे जाएं। कोविड संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए प्रदेशव्यापी रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू लागू किया जा रहा है। हर दिन रात्रि 11 बजे से प्रातः 05 बजे तक रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू लागू होगा। इसका सख्ती से अनुपालन कराया जाए। पुलिस बल लगातार गश्त करे। रात्रि में संचालित होने वाली औद्योगिक इकाइयों के कार्मिकों को आवागमन की छूट दी जाए। आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसी भी जीवनरक्षक दवा का अभाव न हो। इस संबंध में समीक्षा कर समय से आपूर्ति सुनिश्चित करा ली जाए। बाजारों में ''मास्क नहीं तो सामान नहीं'' के संदेश के साथ व्यापारियों को जागरूक करें। बिना मास्क कोई भी दुकानदार ग्राहक को सामान न दे। पुलिस बल लगातार गश्त करे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को और प्रभावी बनाया जाए। सड़कों/बाजारों में निकलने के लिए प्रत्येक दशा में मास्क लगाया जाना अनिवार्य किया जाए। 19 करोड़ 29 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण और 09 करोड़ 18 लाख से अधिक टेस्टिंग करके उत्तर प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण देश में प्रथम स्थान पर है। यहां 06 करोड़ 82 लाख से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड का सुरक्षा कवर प्रदान कर दिया गया है। 12 करोड़ 47 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। इस प्रकार टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी में लगभग 85 फीसदी को पहली और 46 फीसदी लोगों को दोनों डोज मिल चुकी है। वैक्सीनेशन को और तेज करने की जरूरत है। राज्य सरकार सभी शासकीय, अर्धशासकीय, संविदा तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हित संरक्षण के लिए संकल्पित है। इस दिशा में अनेक प्रयास किये गए हैं। कर्मचारियों की समस्या समाधान के लिए उच्चस्तरीय समितियां गठित की गई हैं। सभी से संवाद कर उनकी मांगों पर निर्णय लिया जाए। समस्त विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकों से सतत संवाद करते रहें। कर्मचारियों की समस्याओं पर त्वरित निर्णय लें। अनावश्यक विलंब न किया जाए।

## मौखिकी छूटी विषयों की परीक्षा 4 से 8 जनवरी तक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की वर्ष 2020 – 21 स्नातक स्तर पर तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर स्तर पर द्वितीय वर्ष की छुट्टी हुई मौखिकी परीक्षा 4 जनवरी से 8 जनवरी तक आयोजित की गई है। यह परीक्षा तिलकधारी महाविद्यालय में विषय वाणिज्य संकाय स्नातक तृतीय, स्नातकोत्तर कक्षा के लिए विषय कला संकाय में राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र ,अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, हिंदी, दर्शन शास्त्र एवं अंग्रेजी ! विज्ञान संकाय में विषय गणित तथा वाणिज्य संकाय में एम कॉम द्वितीय ! शिब्ली नेशनल कॉलेज आजमगढ़ में स्नातकोत्तर स्तर पर विषय उर्दू , स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में स्नातकोत्तर कक्षा के लिए विषय मध्यकालीन इतिहास। यह जानकारी सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस पी सिंह ने देते हुए संबंधित छात्रों को अवगत कराया है कि उक्त तिथियों में होने वाली मौखिकी परीक्षा में भाग लेना सुनिश्चित करें।

## रेलमंत्री के आने की हुई सूचना : बदले रूट से निकल गए मंत्री जी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशन जंघई जंक्शन से स्पेशल ट्रेन द्वारा रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के जाने की सूचना पर अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में जंघई जंक्शन पर साफ सफाई के साथ–साथ जरौना जंघई मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक व मछलीशहर जंघई रेल फाटक पर दोनों तरफ पुलिस जवान मुस्तैदी से खड़े होकर सक्रिय ड्यूटी में लग गए। किन्तु इसी बीच कुछ देर के बाद जानकारी हुई कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बदले हुए रूट प्रयागराज वाया ज्ञानपुर के रास्ते उनका यान निकल गया। जिसकी जानकारी होते ही अधिकारियों कर्मचारियों ने राहत की सांस लिया।

## शहीद जिलाजीत यादव की मूर्ति स्थापित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिरकोनी विकास खंड के अमर शहीद जिलाजीत पार्क में ईजरी गांव निवासी जिलाजीत यादव की मूर्ति की स्थापना पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय व क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जगदीश राय ने कहा कि शहीद जिलाजीत यादव ने मां भारती की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहूति देकर हम–सब का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया , लेकिन एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी शासन –प्रशासन द्वारा शहीद परिवार से किये गये वादे पूरे नहीं हो सके , शहीद के नाम पर गांव में प्रवेश द्वार, सड़क, पार्क , आदि सरकार द्वारा किया गया वादा अधूरा रह गया । क्षेत्रीय लोगों ने अपने प्रयास से आज छोटे से पार्क में जनपद के शहीद बेटे की मूर्ति की स्थापना की है लेकिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी विजय रथ यात्रा के दौरान मूर्ति का अनावरण करते हुए वादा किया है कि अगर सपा की सरकार बनती है तो शहीद जिलाजीत यादव के नाम पर जनपद में तमाम विकास का कार्य किया जायेगा और बड़े पार्क में मूर्ति की स्थापना कर पूरा सम्मान दिया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा कि हर वर्ष शहीद के सम्मान में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए जिससे कि लोगों को राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिल सके । डा. अवधनाथ पाल ने देश की रक्षा ने अपनी जान गवाने वाले शहीद के वीरता की कहानी सदियों तक याद की जायेगी । सपा नेता रत्नाकर चौबे ने कहा कि शहीद जिलाजीत यादव की शहादत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी, कार्यक्रम को पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, विवेक रंजन यादव, मिंटू यादव, अनिल साहनी, मंगल सोनकर, बीरबल चौहान ने सम्बोधित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया । कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद जिलाजीत यादव की मां उर्मिला देवी, पत्नी पूनम यादव, चाचा राम इकबाल यादव, जवाहर यादव, नाटे यादव, सहित अतिथियों द्वारा मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ हुआ । इस मौके पर प्रधान अशोक यादव , मनोज यादव, अनिल यादव, राजेश चौबे दादा, राकेश कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, सुशील कुमार यादव, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन रमेश चन्द्र चौबे ने किया।

## थानाध्यक्ष सहित नौ के खिलाफ दलित उत्पीड़न व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इसी थाने पर तैनात रह चुके पूर्व प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह सहित नौ के खिलाफ दलित उत्पीड़न,छेड़खानी,घर मे घुसकर मारपीट,गाली गलौज सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित पूर्व प्रभारी निरीक्षक की वर्तमान तैनाती कानपुर जनपद में है। थाना क्षेत्र के फतेगढ़ गाँव निवासिनी दलित महिला सुषमा देवी ने एससीएसटी कोर्ट में इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया कि विपक्षी गण पुलिस की मदद से सड़क के किनारे बेसकीमती उसकी जमीन बीते 9 सितंबर को एकजुट होकर कब्जा कर दीवार बनाने लगे। प्रार्थिनी के बिरोध करने पर अनमोल विश्वकर्मा,रामस्वरथ,गौतम, शक्ती सिंह,राजेश सिंह व खुटहन थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह तीन महिला पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर लात घूंसा से मारने पीटने, जातिसूचक भद्दी भद्दी गाली देने लगे। आरोप है कि वह डरकर घर के भीतर भाग गयी तो वहाँ भी पहुंच उसे मारे पीटे और बदनीयत से उसका ब्लाउज फाड़ दिए। आरोपितो ने धमकी दिया कि कोई कार्यवाही करोगी तो जान से खत्म कर दूंगा। न्यायालय के आदेश पर खुटहन पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पंडित मदन मोहन मालवीय की मनाई गई जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर ब्लॉक के कौवापार स्थित समाजवादी शिक्षण संस्थान में पंडित मदनमोहन मालवीय जी की जयंती शनिवार को मनाई गई। सबसे पहले बच्चों ने महामना जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किये। संस्थान के संचालक नितेश यादव ने भी पुष्प अर्पित करके नमन किये। नितेश यादव ने कहा कि मदन मोहन मालवीय जी भारत के पहले और अंतिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया। मालवीय जी पत्रकारिता, वकालत, समाजसुधार, मातृभाषा, तथा भारतमाता की सेवा में अपना जीवन अर्पण करने वाले महामानव थे। महामना मालवीय जी ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना करने के पीछे उनका उद्देश्य था कि विद्यार्थियों को शिक्षित करके देश सेवा के लिए तैयार करने की थी जो देश का मस्तक गौरव से ऊंचा कर सके। नितेश यादव ने कहा कि मेरे लिए और भी गर्व की बात है कि मैं महामना की बगिया का छात्र रहा हूं और समाजसेवा के माध्यम से उनके सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं। इस अवसर पर दीपेंद्र, अश्वनी, अत्येन्द्र, सुरेश, सपना आदि लोग उपस्थित थे।

## आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न


जौनपुर सू.वि. : आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के दौरान कोविड के दृष्टिगत प्रचार–प्रसार, रैली एवं व्यय अनुवीक्षण हेतु दरों के निर्धारण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों को रैली/जनसभा स्थल की तहसीलवार सूची जो एसडीएम/आर.ओ. द्वारा चयनित की गई, की सूची सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया और सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि इसके अलावा अगर किसी जनप्रतिनिधियों को स्थान का नाम और देना है/परिवर्तन करना है तो अवगत करा दिया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि जनसभा स्थल को वह एक बार स्वयं देख ले। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि आयोग का सख्त निर्देश है कि कोविड वैक्सीन की डबल डोज लगवा लिया जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि पोलिंग एजेंटो को कोविड वेक्सीन का डबल डोज अवश्य लगवा लिया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी आर.ओ. को निर्देशित किया कि जनसभा/रैली स्थल पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना सुनिश्चित करे। रैली/जनसभा में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य करवाया जाए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1 नवंबर से चलाए गए पुनरीक्षण अभियान में अब जनपद की (निर्वाचन) जेंडर रेसियों बढ़कर 923 हो गया है इसके लिए सभी को बधाई दिया। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2022 को वोटर लिस्ट पब्लिश हो जाएगी, सभी मतदाता वोटर लिस्ट में अपना नाम अवश्य चेक कर ले। पोस्टल बैलट की सुविधा इस वर्ष 80 प्लस एवं दिव्यांगजन मतदाताओं के लिए आयोग द्वारा दी गई है जिसमें 80 वर्ष के ऊपर का एवं दिव्यांगजन मतदाता पोस्टल बैलट के माध्यम से वोट डालना चाहता है वह स्वेच्छा से इसका प्रयोग कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधि एवं जनपद वासियों से अपील किया है कि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिये सभी को जागरूक करें और सभी अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, उप जिलाधिकारीगण, ट्रेजरी ऑफिसर सुनील कुमार, प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में चलाई जा रही ड्राई फूड् राशन वितरण योजना

जौनपुर सू.वि. : जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा वर्तमान समय में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में ड्राई फूड् राशन वितरण योजना चलाई जा रही है, जिसके अन्तर्गत 06 माह से 03 वर्ष तक के बच्चों हेतु चावल 1.0 कि0ग्रा0, दाल 1.0 कि0ग्रा0, तेल 500 ग्राम व गेहूॅ दलिया 1.0 कि0ग्रा0 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों हेतु चावल 500 ग्राम, दाल 500 ग्राम, व गेहूॅ दलिया 500ग्राम गर्भवती एव धात्री माताओं हेतु चावल 1.0 कि0ग्रा0, दाल 1.0 कि0ग्रा0, तेल 500 ग्राम व गेहूॅ दलिया 1.0 कि0ग्रा0 और 06 माह से 06 वर्ष तक के गम्भीर रूप से कुपोषित बच्चों हेतु चावल 1.5 कि0ग्रा0, दाल 2.0 कि0ग्रा0, तेल 500 ग्राम व गेहूॅ दलिया 1.5 कि0ग्रा0 का वितरण वास्तविक लाभार्थी के आधार पर किया जा रहा है।

## श्रद्धेय पं. अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर भाजपा ने मनाया सुशासन दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रद्धेय पं. अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जौनपुर नगर दक्षिणी में एक संगोष्ठी का आयोजन शक्ति केंद्र ओलन्दगंज के बूथ संख्या 428 पर किया गया। भारतीय जनता पार्टी जौनपुर दक्षिणी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव जी के अध्यक्षता में मुख्य वक्ता सदर विधानसभा प्रभारी आदरणीय श्री अशोक श्रीवास्तव जी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष/सदर विधानसभा प्रभारी श्री अशोक श्रीवास्तव जी ने मुख्य वक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि अटल जी एक संवेदनशील हृदय व मां भारती के सच्चे सेवक होने के साथ–साथ एक ऐसे नेता भी थे जिन्होंने जीवन पर्यंत अपनी व्यक्तिगत इमानदारी और सत्य निष्ठा को महत्व दिया। विराट व्यक्तित्व के धनी युग पुरुष अटल बिहारी बाजपेई जी कुशल संगठन कर्ता व विपक्षियों में भी लोकप्रिय राजनेता होने के साथ ही साथ हिंदी एवं ब्रज भाषा के उत्कृष्ट कवि भी थे। नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने अटल बिहारी बाजपेई जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1999 से 2004 के अपने प्रधानमंत्रित्व काल में अटल जी ने देश के अंदर प्रगति के



अनेक आयाम छुए और उनकी सरकार ने गरीबों, किसानों, मजदूरों एवम समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की। संचालन नगर महामंत्री श्री राजेश गुप्ता जी ने किया एवं आभार नगर उपाध्यक्ष मॉनिटरिंग प्रमुख डा.कमलेश निषाद ने प्रकट किया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष राजेश कन्नौजिया, अभिषेक श्रीवास्तव जी, नगर मंत्री दीपक मिश्रा जी, नगर कार्यसमिति सदस्य प्रदीप तिवारी जी, राजेश निषाद जी, आईटी के संयोजक सुधांशु विश्वकर्मा जी ,अंकित गुप्ता जी, नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा धीरज निषाद जी, बूथ अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह मुन्ना जी, पन्ना निषाद जी, राजेश श्रीवास्तव जी, अश्वनी निषाद जी , जगदीश मौर्या,शुभम निषाद आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## अन्तर जनपदीय बैकुण्ठ धाम क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन – अजय शंकर दुबे

सुजानगंज– ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : श्री बैकुण्ठ धाम अन्तर जनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रेम का पूरा सुजानगंज का उद्घाटन भाजपा नेता अजय शंकर दुबे (अज्जू भईया) के हाथों सम्पन्न हुआ. टूर्नामेंट विगत कई वर्षों से होता आ रहा है. इस टूर्नामेंट में कई जिले की टीम



प्रतिभाग करती है.उद्घाटन मैच भदोही और प्रतापगढ़ के बीच खेला गया. अज्जू भईया ने अपने सम्बोधन में युवा खिलाड़ियों के लिए विधानसभा मुंगराबादशाहपुर में एक अच्छा स्टेडियम बनवाने का वादा किया और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हर सम्भव मदद का भरोसा दिया. टूर्नामेंट में आलोक सिंह (जिला पंचायत सदस्य), गजेंद्र नाथ दुबे, नरेंद्र प्रसाद दुबे, रमा नाथ तिवारी, तेज प्रकाश तिवारी,ओम नाथ दुबे, विनोद पाण्डेय (प्रधान) अरुण प्रकाश दुबे , बी डी दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के गृह जनपद में खनन माफिया सक्रिय : जिम्मेदार बने हुए है मूकदर्शक



गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उरूवा बाजार थाना क्षेत्र के सरयू नदी में बालू खनन माफिया सक्रिय विभाग के नियम के विपरीत खनन हो रहा है मगर जिम्मेदार गहन निद्रा में है और ओवरलोड होकर के खदान में से बालू निकल रहा है आखिर यह किनके द्वारा मिलीभगत से दिनों रात अवैध तरीके से बालू खनन कर लेकर जा रही ट्रक–ट्राली को नही पकड़ा जा रहा है आखिर प्रशासन किस निद्रा में है इनके द्वारा क्यों नहीं पकड़े गए ट्रैक, ट्राली के मालिकों को आखिर किसकी दया दृष्टि से इतने बड़े पैमाने पर खनन माफिया सक्रिय है परंतु क्षेत्र के लोगो द्वारा ट्रैक और ट्राली को ओवरलोड देख सर तरह–तरह की चर्चाएं हो रही है ।सूत्रों की माने तो जिम्मेदारों के नाक के नीचे पूरे गोला तहसील क्षेत्र पर बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन का काला कारोबार होता है। लेकिन चमकते सिक्कों की खनक के आगे अवैध खनन पर जिम्मेदारों की नजर ही नहीं पड़ती।

### छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत खारिज

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान छह वर्षीय मासूम से दुष्कर्म करने के आरोपी चौरी चौरा निवासी विकास पासवान की जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने खारिज कर दी। न्यायाधीश ने कहा कि इतने अबोध बालिका के संग उसे रुपए और चॉकलेट का लालच देकर इस प्रकार का कृत्य अत्यंत घृणित है एवं समाज के लिए चिंता का विषय है। कोर्ट में जमानत अर्जी का विरोध करते हुए ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी संजय सिंह और एडीजीसी राघवेंद्र राम त्रिपाठी का कथन था कि घटना 15 अक्टूबर 2021 की है। शाम 4 बजे दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन होने जा रहा था अभियुक्त मूर्ति के साथ जा रहा था। बच्ची भी मूर्ति देख रही थी। उसी समय अभियुक्त ने यह गंभीर और घृणित अपराध कारित किया। न्यायाधीश ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

## ललित कला महोत्सव में नाटक ''आपन माटी आपन देश'' का हुआ मंचन



गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : महात्मा गांधी इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम ललित कला महोत्सव नाट्य प्रतियोगिता में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आकाश श्रीवास्तव लक्ष्य ग्रुप द्वारा नाटक ''आपन माटी आपन देश'' का सफल मंचन करके प्रथम विजेता साबित हुई तथा दूसरी टीम संभव कला मंच नाटक ''अब ऐसा ही होता है'' निर्देशक सौरभ चौधरी की टीम दूसरा स्थान प्राप्त की। दोनो ही नाटकों में ध्वनि संचालन का काम किया आकाश गोंड ने। नाटक में प्रतिभाग करने वाले छात्र एवम छात्राएं आकाश श्रीवास्तव,सौरभ चौधरी,अमन कुमार,कीर्ति शुक्ला,संजना अग्रहरी कुणाल,सचिन गिरी,प्रशांत गुप्ता, अयूब,प्रिंस,सागर,राहुल,रौशन,अंश,मोनी सहानी और प्रियंका सहानी ने जीवंत अभिनय कर दर्शकों का दिल जीतने में सफल हुए।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आपके खिलाफ होने वाली बातों को खामोशी से सुन लीजिए..यकिन मानिए, वक्त उसे बेहतर जवाब देगा..!

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# विशेष जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम तिलकधारी महिला महाविद्यालय में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विशेष जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम मा0 सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्य की अध्यक्षता में तिलकधारी महिला महाविद्यालय में संपन्न हुआ। मा0 सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं एवं बेटियों हेतु विभिन्न जन कल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही है। निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं योजना आदि है। उन्होने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। शासन द्वारा महिलाओं की हर सम्भव मदद् की जा रही है। सरकार के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। खुद को आगे बढ़ने हेतु महिलाओं को सक्षम बनना होगा। महिलाओं को समाज में अपने अधिकार के लिए लड़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में सखी वेलफेयर की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, उ.प्र. राज्य समन्वयक दलित महिला आंदोलन शोभना जी, उवर्सी सिंह सहित अन्य महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण के सम्बंध में जानकारी देते हुए उन्हें महिला अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत ने कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत कमजोर, असहाय लोगों का निशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सकारात्मक रहते हुए खुद को मजबूत बनाये। निर्भया टीम की अध्यक्ष रेनू ने महिलाओं से जुड़े मामलों में त्वरित कार्यवाही के सुझाव दिए। सीडीपीओ मनोज वर्मा ने कहा कि बच्चो के पालन पोषण में लिंग भेद न करें। महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया जाए। सभी से अपील किया कि यहाँ से जाने के बाद अन्य लोगों को भी जागरूक करें। मासिक धर्म, सैनेटरी पैड के बारे में चर्चा करने के सुझाव दिया। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय, महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा, जिला महिला समन्वयक प्रतिभा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहें। इसके उपरान्त उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु जनपद नामित मा. आयोग की सदस्य श्रीमती शशि मौर्या द्वारा निरीक्षण भवन में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई की। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 08 शिकायती प्रकरण प्राप्त हुए। जिसमें घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद व प्रेम प्रसंग का प्रकरण रहा। मा0 सदस्य ने थानाध्यक्ष महिला थाना को शिकायती प्रकरण के निस्तारण हेतु सम्बन्धित थाना से रिपोर्ट मॉग कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया तथा महिला उत्पीड़न जैसे प्रकरण को गम्भीरता लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारित करने को कहा। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, सीडीपीओ सिरकोनी, बाल संरक्षण अधिकारी चन्दन, राय, महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा, जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह, बबीता आदि उपस्थित रहे।

# मड़ियाहूं ब्लाक का त्रिवार्षिक चुनाव हुआ सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद जौनपुर के ब्लाक ईकाई मड़ियाहूं का त्रिवार्षिक चुनाव कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय ऊँचनी खुर्द के प्रांगण में जनपदीय अध्यक्ष द्वय अमित सिंह व सुशील उपाध्याय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक जनपदीय संगठन मंत्री अश्विनी कुमार सिंह व चुनाव अधिकारी रोहित यादव, मनीष सिंह सोमवंशी, संतोष सिंह बघेल, डॉ राजेश यादव की देख रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से विशाल सिंह को एक बार फिर प्राथमिक शिक्षक संघ मड़ियाहूं ब्लाक इकाई का अध्यक्ष व प्रदीप सूर्या को ब्लाक मंत्री चुने गए। साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर डॉ साकेत सिंह, संयुक्त मंत्री पद पर अमित अस्थाना, कोषाध्यक्ष पद पर मीरा रजक, उपाध्यक्ष पद पर वी विजय शंकर, अमित मिश्रा, नवीन सिंह, नितिन यादव, संगठन मंत्री पद पर अखिलेश सिंह, धर्मपाल सिंह,विवेक सिंह, अंकित जायसवाल, प्रीति मौर्या। प्रचार मंत्री पद पर जरीना बानो, आशीष मौर्या का चयन हुआ। इसके साथ ही पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई से सर्वसम्मति से विनोद सिंह अध्यक्ष,व देवेंद्र श्रीवास्तव मंत्री, शशांक शेखर मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक पांडेय कोषाध्यक्ष, रामयश संयुक्त मंत्री एंव अंजुलता को महिला मोर्चा की अध्यक्ष चुनी गयीं। इस अवसर पर जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह ने भारी संख्या में उपस्थित शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय समय तीन बजे के बाद भी इतनी भारी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाओं का इतनी देर तक यहां उपस्थित होना यह सुनिश्चित करता है कि अध्यक्ष विशाल सिंह व मंत्री प्रदीप सूर्या के नेतृत्व में मड़ियाहूं ब्लाक कार्यसमिति ने शिक्षक हितों में कार्य करते हुए शिक्षक/शिक्षिकाओं का विश्वास जीता है। शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए संगठन मंत्री अश्विनी सिंह ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षकों के हित अगर कहीं सुरक्षित है तो सिर्फ और सिर्फ संघ के बैनर तले ही सुरक्षित रहेगा।



इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की नवनिर्वाचित कार्यसमिति के कार्यों के आधार पर भविष्य में यहाँ के समस्त शिक्षकों के विश्वास को जीतते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष विशाल सिंह व विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय ऊँचनी खुर्द के प्रांगण में शिक्षक संघ के त्रिवार्षिक चुनाव में उपस्थित भारी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाओं व जनपदीय इकाई का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि हम आप सभी को पूर्ण रूप से आश्वस्त करते हैं कि नवनिर्वाचित मड़ियाहूं कार्यसमिति पूरी निष्ठा ईमानदारी से शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहेगा। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय मंत्री सतीश पाठक, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह "टोनी" बक्सा ब्लाक अध्यक्ष सरोज सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू पांडेय, डॉ संतोष तिवारी, अच्छेलाल चौधरी, राघवेंद्र सिंह, वीरेंद्र चौरसिया, सत्यप्रकाश मौर्या, चंदा मिश्रा, अंजुबाला, रामसजन यादव, राजकमल यादव, उदयभान, विकास चौधरी, यशवंश सिंह, विजय यादव, शर्मीला यादव, अश्वनी कुमार, विजय बहादुर पटेल, अजय सिंह, रामआसरे सिंह, संतोष सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सिंह ने और अध्यक्षता महन्तलाल ने किया।

# फरक्का एवं सद्भावना एक्सप्रेस में अब साधारण टिकट पर नहीं कर सकेंगे यात्री सफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी – लखनऊ रेल प्रखण्ड पर चलने वाली सद्भावना एवं फरक्का एक्सप्रेस में अब साधारण टिकट पर यात्रा नहीं कर सकेंगे! इसके लिए आपको रिजर्वेशन करा कर ही यात्रा करनी पड़ेगी ! यह जानकारी स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार यादव ने दी है ! उन्होंने बताया कि 13413 फरक्का एक्सप्रेस मालदा टाउन से दिल्ली तक जाने वाली रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर दिन में 12:50 पर रविवार मंगलवार शुक्रवार को रूकती है। दिल्ली से वापस वापस लौटते समय फरक्का डाउन एक्सप्रेस 13411 4 रविवार, मंगलवार, गुरुवार को दिन में 12:35 पर रूकती है। 14 0 0 7 सद्भावना एक्सप्रेस सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को 1:13 पर रुकती है! एक्सप्रेस 14 008 , 140 16 सुबह 6:30 बजे सोमवार बुधवार ,शुक्रवार, शनिवार को रूकती है! इन ट्रेनों पर बगैर रिजर्वेशन के यात्रा नहीं कर सकते हैं! ऐसी स्थिति में रिजर्वेशन कराने के लिए प्रतिदिन रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर पर भारी भीड़ जमा हो रही है! सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं किया जा रहा है ! समय रहते प्रशासन ने सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं कराया तो स्थिति कोरोना जैसी जान लेवा बीमारी अपना पांव पसार सकती है! बगैर मास्क के भी लोग भीड़ में जमा है!

# कल होगा सन राइज पब्लिक स्कूल जौनपुर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सम्मेलन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कल दिनांक 24 दिसंबर 21 को भाजपा जिला कार्यालय जौनपुर में "जन विश्वास यात्रा" एवं "चुनाव संचालन समिति" को लेकर जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने रथयात्रा संचालन समिति की बैठक लिया। आगामी 30 दिसम्बर को जनपद जौनपुर में प्रवेश करेगी, जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी सरकार और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी सरकार लोक हितकारी कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने हेतु आ रही यात्रा को व्यवस्थित प्रभावी और संदेशवाहक बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। जन विश्वास यात्रा जनपद के पांचों विधानसभाओं में जाएगी जिसमें सर्वप्रथम जौनपुर विधानसभा से यात्रा प्रारंभ होगी,उसके उपरांत मल्हनी विधानसभा, मुंगराबादशाहपुर से होते बदलापुर के बाद शाहगंज पहुँचेगी। शाहगंज में रात्रि विश्राम के बाद सुल्तानपुर जिले में कादीपुर विधानसभा के रास्ते प्रवेश



करेगी। उक्त बैठक में जिला यात्रा प्रमुख / जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव, जिला महामंत्रीः यात्रा बैठक प्रमुख पीयूष गुप्ता, श्याम मोहन अग्रवाल,अजय सिंह, धर्मपाल कन्नौजिया, रोहन सिंह, सुनील सेठ, मनीष श्रीवास्तव, संतोष मौर्या, श्याम बाबू यादव, रजनीश सिंह, विकास पांडा, अमूल्य श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, विधानसभा विस्तारक उपस्थित रहे।

# प्रदेश में छात्र–छात्राओं को 01 करोड़ मुफ्त टैबलेट स्मार्टफोन वितरण अभियान का हुआ शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर प्रदेश के



छात्र–छात्राओं को 01 करोड़ मुफ्त टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण अभियान का लखनऊ से शुभारंभ मा. श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखते आई. टी. आई. कालेज जौनपुर के छात्र– छात्राएं।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सतर्कता समिति की बैठक जनसुनवाई कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा राशन वितरण, दुकानों के आवंटन की स्थिति, प्रवर्तन की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में नाम जुड़वाने के नाम पर पैसा लेने की शिकायत न आने पाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन ग्राम पंचायतों में दुकानों का आवंटन किया जाना है, प्रत्येक दशा में 3 से 4 दिन के भीतर में कर लिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा सभी आपूर्ति निरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि कहीं पर कम राशन बेचने की शिकायत न आए और निर्देश दिया कि यदि कोई ऐसा करता हुआ पाया जा रहा है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अरुण वर्मा, समस्त पूर्ति निरीक्षक सहित सतर्कता समिति के सदस्य उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी द्वारा सुजानगंज साधन सहकारी समिति धान क्रय केन्द्र का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा सुजानगंज साधन सहकारी समिति धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ए.एम.ओ. अनिल आजाद को निर्देशित किया गया कि



जिला खाद्य विपणन अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता करके नोडल अधिकारी के माध्यम से पी.सी.एफ. का सत्यापन कराया जाय और प्राइवेट केंद्र तत्काल बन्द करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र पर धान खरीद सुनिश्चित किया जाय साथ ही धान क्रेषण ऑनलाइन किया जाय और किसानों का भुगतान समय से करना सुनिश्चत करे। इस अवसर पर सचिव/केंद्र प्रभारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का किया गया गठन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जनपद जौनपुर के प्रधानाचार्य संघ के अध्यक्ष डॉक्टर सुभाष चंद्र



सिंह प्रधानाचार्य बीआरपी इंटर कॉलेज जौनपुर को प्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने एवं श्री प्रेमचंद को प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य के रूप में नामित करने पर पूरे जनपद में एवं प्रदेश में हर्षोल्लास व्याप्त है और संगठन को डॉक्टर सिंह द्वारा निश्चित रूप से एक नई ऊंचाई प्राप्त होगी जनपद की प्रधानाचार्य डॉक्टर शंकराचार्य तिवारी डॉ जयप्रकाश सिंह डॉक्टर ओम प्रकाश साही डॉ रमेश यादव डॉ राकेश सिंह डॉ रणजीत सिंह पाली डॉक्टर ईश्वर यादव डॉक्टर नीरज, प्रेमचंद नीरज कुमार , डॉक्टर भैया लाल यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रधानाचार्य विनोद राय श्री अनिल दुबे श्री शिव भूषण चौबे श्री अमरेश सिंह माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह द्वारा आदि लोगों ने प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक गण को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया जनपद जौनपुर को प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित डॉक्टर सुभाष सिंह को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई जनपद के जनमानस के साथ–साथ सभी संस्था प्रधान गण हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त किया।

# डाककर्मियों ने अपने नेता का किया सम्मान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आल इण्डिया पोस्टल इम्प्लाई यूनियन पोस्टमैन एवं एम ० टी ० एस ० उत्तर प्रदेश परिमण्डल का 29 वां प्रान्तीय अधिवेषन 22 एवं 23 दिसंबर को चन्द्रगुप्त बाथम पैलेस राजाजीपुरम लखनऊ में सम्पन्न हुआ। जिसमें जौनपुर मण्डल से हरिशंकर यादव को सर्वसम्मति से प्रान्तीय संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश के लिए निर्वाचित किया गया जो जौनपुर मण्डल के डाक कर्मियों के लिए हर्ष एवं गौरव की बात है।कर्मचारियों ने प्रधान डाकघर जौनपुर में स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह आयोजित कर पूरे जोश खरोश से माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। जिसमें अधीक्षक डाकघर सहित सभी कर्मचारी नौजूद रहे । प्रमुख रूप से सभाजीत पाल अध्यक्ष अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ– प्प् राम उजागिर यादव सचिव अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ – प्प् श्रवण कुमार मिश्र अध्यक्ष पी – राजेश सिंह सचिव ग्रामीण डाक सेवक संघ, शकील अहमद , ऋषिकेश चौहान , श्री विक्रम सिंह , मोहित राम यादव ,शुभम नागवंशी , शिवकुमार सिंह , हीरालाल यादव , नन्दलाल , सुशील कुमार वर्मा , अमरनाथ पाल , श्रीराम विश्वकर्मा , बीना नार्या, यशवन्त यादव , महेन्द्र प्रताप यादव आदि सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ चित्रलेखा समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव मनोनीत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमोदन पर महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने पार्टी के प्रति पूर्ण निष्ठा से काम करने वाली जिले की डॉ चित्रलेखा सिंह को महिला सभा का राष्ट्रीय सचिव नामित किया है। डॉ चित्रलेखा सिंह काफी सालो से सक्रिय राजनीति में रहते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ चुकी है। समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद से ही इनकी सक्रियता पर राष्ट्रीय अध्यक्ष की निगाह लगी हुई थी। राष्ट्रीय सचिव के पद पर नामित होने पर डॉ चित्रलेखा सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने एक कार्यकर्ता को पद देकर जिले का सम्मान बढ़ाया गया है। निश्चित रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष के भरोसे को कायम रखते हुए पार्टी की नीतियों को घर घर पहुचाने और अखिलेश यादव जी की2022 में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाकर लोगो को बराबरी का दर्जा दिलाने का काम किया जाएगा। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश जी के विश्वास पर पूर्णता खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। डॉ चित्रलेखा ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हर वर्ग धर्म की महिलाओं को राजनीत में लाकर महिला सशक्तिकरण का काम किया। सपा सरकार ने बेटियो के लिए कन्या विद्या स्कॉलरशिप दी, महिलाओ विधवाओं को पेंशन दी, लैपटॉप दिए साइकिल दी और बेटियो की सुरक्षा के लिए 1090 वूमेन पावर पुलिस लाइन दी और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से एंबुलेंस का इंतजाम किया!

यह सभी सुविधाए भाजपा ने सरकार ने छीन ली। आज सूबे में 52: महिलाएं कुपोषित है,सपा सरकार में शिक्षा मित्र में जिन महिला टीचर को 40 हजार तनख्वा मिलती थी सरकार ने उसे छीन कर 10 हजार कर दिया और यहां तक की भाजपा की नई पेंशन योजना में सरकारी टीचर



का भविष्य अंधेरे में है! सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबी युवा चेहरों में पार्टी को मजबूत करने का काम राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामेई कर रहे है। वो पिछले एक साल में बसपा से बड़े नेताओ,पूर्व विधायक, कई जोनल कोर्डिनेटर को सपा से जोड़ने में जामेई की कोशिश को सपा मुखिया ने मुहर लगाई है। डॉक्टर चित्रलेखा सिंह को सपा महिला सभा में राष्ट्रीय सचिव बनने के बाद जौनपुर में समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी और यह कहा जा सकता है कि उनके पार्टी में आने से महिलाओ की भागीदारी समाजवादी पार्टी में बढ़ेगी। विदित हो कि डॉक्टर चित्रलेखा सिंह जिले के प्रतिष्ठित महाविद्यालय तिलकधारी सिंह महिला महाविद्यालय में प्रवक्ता पद पर कार्यरत है। ऐसे में एक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्य महिला के पार्टी में जुड़ने से महिलाओं का हौसला बढ़ेगा और महिलाएं तेजी से समाजवादी पार्टी में सदस्य लेंगी। डॉक्टर चित्रलेखा के मनोनयन पर जनपद के तमाम स्वयंसेवी संगठनों समाजसेवियों उनकी शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई हो शुभकामनाएं दिया है।

# प्रतियोगी परीक्षा में प्रश्नों के चयन के दिए टिप्स : प्लेसमेंट सेल में अनीश राजपूत ने कंट्रोल सिस्टम की बारीकियों पर की चर्चा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के केंद्रीय ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा शुक्रवार को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग के द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए" कंट्रोल सिस्टम "विषय पर ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में मुख्य वक्ता के रूप में एस इंजीनियरिंग एकडेमी के विषय विशेषज्ञ एवं आईआईटी मुंबई के पूर्व छात्र अनीश सिंह राजपूत ने छात्रों को कंट्रोल सिस्टम विषय की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने फरवरी माह में होने वाली गेट की परीक्षा तथा जून माह में होने वाली इंडियन इंजीनियरिंग सर्विसेज की परीक्षा के लिए छात्रों को सावधानीपूर्वक प्रश्नोत्तर चयन करने के टिप्स दिए। श्री राजपूत ने छात्रों को कंट्रोलर एवं कंपनसेटर के अंतर से परिचित कराया तथा बताया कि क्लोज लूप सिस्टम और ओपन लूप सिस्टम की बैंडविथ, सेंसटिविटी और स्टेबिलिटी को कैसे परखते हैं । उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो की परीक्षा में इस विषय से काफी अधिक प्रश्न पूछे जाते हैं। श्री राजपूत ने भारतीय इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विषय से 19वां स्थान प्राप्त किया है तथा गेट परीक्षा को 9 बार क्वालीफाई किया है। केंद्रीय ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के समन्वयक डॉ संदीप कुमार सिंह ने श्री राजपूत का परिचय कराया तथा वेबीनार में भाग लेने वाले सभी छात्रों एवं एस एकेडमी के तकनीकी प्रबंधक अंकुर बंसल को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने अवकाश होने के बावजूद वेबीनार में 148 छात्रों की भागीदारी पर हर्ष व्यक्त किया। वेबीनार में प्लेसमेंट सेल के प्रभारी श्री श्याम त्रिपाठी, श्री नितिन यादव,सूर्यकांत अस्थाना सुशांत, अजय से विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# महिला सशक्तिकरण के लिए भाजपा का साथ दे: मीना चौबे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन जिला अध्यक्ष रागिनी सिंह के अध्यक्षता में तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज के व्यायाम शाला के मैदान में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पण्डित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की। बतौर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा महिला मोर्चा की हर बूथ पर अहम भूमिका होगी। उन्होंने महिलाओं से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने की अपील की ताकि हर परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ एवं जानकारी मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि आज महिला मोर्चा की जिम्मेदारी बढ़ गई है। हम सभी महिलाओं ने क्षेत्रों मे विकास कार्यों की जानकारियां लोगों तक पहुचाना है। लोगों का विशवास मोदी सरकार और योगी सरकार के प्रति बढ़ा है, राम मंदिर का निर्माण होना गौरव की बात है और वाराणसी में अभी जल्द ही बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर का जिस तरीके से निर्माण हुआ और जिस तरीके से उसका लोकार्पण हुआ वो भी हम लोगो के लिये गौरव की बात है। उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओ से महिला सशक्तिकरण के लिए भाजपा का साथ देने का आह्वान किया और कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं के सम्मान के लिए उज्वला गैस कनैक्सन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शौचालय निमार्ण समेत अनेक लाभकारी योजनायें लागू की गई है। इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टी पर भी जमकर निसाना साधा उन्होंने कहा कि, विपक्ष महिला सम्मान के नाम पर हमेसा उनके साथ छल करती आयी है।क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने कहा कि भारत की महिलाएं किसी से कम नहीं है, यह बात एक बार नहीं, लाखों बार साबित हो चुकी है, बस जरूरत है तो परिवार और सरकार के सपोर्ट की इसके लिए मोदी सरकार बड़े कदम उठाई है। केंद्र सराकर ऐसी कई योजनाएं लेकर आई है, जो सिर्फ महिलाओं के लिए हैं। महिला सशक्तिकरण





की दिशा में देश को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, इसका लाभ बड़े पैमाने पर महिलाओं को मिल भी रहा है मोदी सरकार एव योगी सरकार की मंशा है कि अब महिलाओं को पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ाने की है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अपराजिता सोनकर ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, समर्थ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही है जिससे महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो जाये। जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में आये हुये अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि प्रदेश में महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा, सम्घ्मान, स्घ्वावलंबन और सशक्घ्त बनाने के लिए योगी सरकार ने वृहद मिशन शक्ति अभियान को लाया जा सकता है, सरकार ने बेटियों व महिलाओं के कदमों को आगे बढ़ाने, उनके उत्थ्थान, सशक्घ्तीकरण व उनको रोजगार की मुख्घ्यधारा से जोड़ने के लिए कई अहम कदम उठाएं हैं साथ ही महिलाओं व बेटियों के कदमों को रफ्तार देते हुए दो बड़ी योजनाओं 'मुख्घ्यमंत्री महिला सामर्थ्घ्य योजना' व 'मुख्घ्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना' की शुरूआत की है। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, पुष्पा शुक्ला, सह मीडिया प्रभारी प्रतीक मिश्रा, क्षेत्रीय मन्त्री मेनिका सिंह, जिलाध्यक्ष मछलीशहर इंदुबाला सिंह, जिला महामंत्री विमला श्रीवास्तव,रिशु सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव खुशबू, राखी सिंह, मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा निकिता मौर्या एवं समस्त महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष एवं मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रही।

